| प्रार्थना पत्र संख्या 107/2025 मोहनराम बनाम राजस्थान सरकार जरिए प्रतिनिधि तहसीलदार कुचामन सिटी

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, कुचामनसिटी जिला डीडवाना–कुचामन (राज.)

पीठासीन अधिकारी :– **श्री सुनील कुमार-I, (RAS)**

राजस्व प्रार्थना पत्र संख्या :– **107/2025 GCMS 2025/217**

प्रार्थीगण :–

1. मोहनराम पुत्र भागीरथराम जाति जाट निवासी ग्राम पदमपुरा तहसील कुचामन सिटी जिला डीडवाना–कुचामन

अप्रार्थीगण:–

1. राजस्थान सरकार जरिए प्रतिनिधि तहसीलदार कुचामन सिटी
2. पटवारी पटवार मण्डल उगरपुरा तहसील कुचामन सिटी जिला डीडवाना–कुचामन

प्रार्थना पत्र पत्थरगढ़ी करने बाबत् अन्तर्गत धारा 111, 128 भू–राजस्थान भूराजस्व अधिनियम 1956

उपस्थित :– श्री राजेश गुर्जर अधिवक्ता प्रार्थी की ओर से।
राजपैरोकार

–:निर्णय :–

दिनांक :– 12/06/2025

वकील प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र का संक्षेप में सार इस प्रकार है कि ग्राम आसनपुरा पटवार मण्डल उगरपुरा तहसील कुचामन सिटी की सरहद में स्थित कृषि भूमि खसरा नम्बर 1182/1002 रकबा 0.4475 हैक्टयर मुझ प्रार्थी की काबिज खातेदारी अधिकारों की दर्ज चली आ रही है। उपरोक्त भूमि मुझ प्रार्थी की कब्जा खातेदारी की दर्ज चली आ रही है। जिस पर निर्विवाद रूप से काबिज होकर उपयोग–उपभोग करता चला आ रहा हूं जो कि ग्राम आसनपुरा के खसरा नम्बर 565 गै.मु. सड़क के मुख्य मार्ग पर स्थित चला आ रहा है। उपरोक्त वर्णित खसरा नम्बर की भूमि के पूर्वी व उत्तर–दक्षिण की तरफ के ग्राम आसनपुरा पटवार हल्का उगरपुरा के खसरा नम्बर 1183/1002, 629 के पाड़ौसी रोजाना बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। ग्राम आसनपुरा पटवार हल्का उगरपुरा तहसील कुचामन सिटी के खसरा नम्बर 1182/1002 कुल रकबा 0.4475 हैक्टयर भूमि जो कि मुझ प्रार्थी की काबिज खातेदारी दर्ज की चली आ रही है जिसका मौके पर सीमाज्ञान कराकर पत्थरगढ़ी किया जाना आवश्यक है। उक्त भूमि जो की मुझ प्रार्थी की काबिज खातेदारी अधिकारों की दर्ज चली आ रही है जिसका [illegible] सीमाज्ञान करवाकर पत्थरगढ़ी किये जाने हेतु यह सीमाज्ञान [illegible] आवश्यक हुआ है। जिसका प्रार्थी अधिकारी है। प्रार्थना–पत्र में अप्रार्थी संख्या 01 ता 02 राज्य सरकार के प्रतिनिधि होने से पक्षकार है। माम[illegible] श्रीमान के श्रवणाधिकार[illegible]

Signature Not Verified
Digitally Signed by Sunil Kumar
Date: 2025.07.08 15:40:11 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
कुचामन सिटी (डीडवाना-कुचामन)

Scanned with OKEN Scanner

क्षेत्राधिकार का है। ग्राम आसनपुरा पटवार हल्का उगरपुरा तहसील कुचामन सिटी की सरहद में स्थित कृषि भूमि खसरा नम्बर 1182/1002 रकबा 0.4475 हैक्टयर भूमि का सीमाज्ञान कराकर पत्थरगढ़ी करने का आदेश तहसीलदार कुचामन सिटी को प्रदान करावें।

प्रार्थना–पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को जरिए नोटिस तलब किया गया है। अप्रार्थी संख्या द्वारा 01 जवाब प्राप्त कर शामिल मिसल किया गया। वकील प्रार्थी द्वारा अप्रार्थी संख्या 02 पटवार हल्का उगरपुरा के विरूद्ध किसी प्रकार का अनुतोष नहीं चाहे जाने का निवेदन किया है।

वकील प्रार्थी द्वारा ग्राम आसनपुरा पटवार हल्का उगरपुरा तहसील कुचामन सिटी की सरहद में स्थित कृषि भूमि खसरा नम्बर 1182/1002 रकबा 0.4475 हैक्टयर भूमि का सीमाज्ञान कराकर पत्थरगढ़ी करवाये जाने का निवेदन किया है। वकील प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य पाये जाने से प्रार्थना पत्र स्वीकार कर निम्नानुसार आदेश दिये जाते है :–

–: आदेश :–

तहसीलदार कुचामन सिटी को आदेश दिया जाता है कि ग्राम आसनपुरा के खसरा नम्बर 1182/1002 रकबा 0.4475 हैक्टयर भूमि का सीमाज्ञान कर सीमाज्ञान अनुसार पत्थरगढ़ी करवाई जाकर पालना से अवगत करावें।

आदेश आज दिनांक 12/06/2025 को सरे इजलास सुनाया गया।

(सुशील कुमार)
उपखण्ड अधिकारी
कुचामन सिटी

उपखण्ड अधिकारी
कुचामन सिटी (डीडवाना-कुचामन)

उपखण्ड अधिकारी (कुचामन सिटी (डीडवाना-कुचामन)

Signature Not Verified

Digitally signed by Sunil Kumar
Date: 2025.07.08 15:40:11 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with OKEN Scanner